रिलायंस समूह बना देश का सबसे बड़ा कारोबारी घराना



मुंबई, जियो प्लेटफॉर्म्स की शेयर बाजार में मजबूत शुरुआत के बाद रिलायंस समूह बुधवार को बाजार पूंजीकरण के लिहाज से टाटा समूह को पीछे छोड़कर देश का सबसे बड़ा कारोबारी समूह बन गया। बीएसई के आंकड़ों के मुताबिक, कारोबार समाप्त होने पर समूह की कंपनियों रिलायंस इंडस्ट्रीज, जियो प्लेटफॉर्म्स और जियो फाइनेंशियल सर्विसेज का संयुक्त बाजार पूंजीकरण करीब 30 लाख करोड़ रुपये रहा। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 15.67 लाख करोड़ रुपये, जियो प्लेटफॉर्म्स का करीब 13 लाख करोड़ रुपये और जियो फाइनेंशियल सर्विसेज का 1.35 लाख करोड़ रुपये रहा। इसके मुकाबले टाटा समूह की प्रमुख सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 25.28 लाख करोड़ रुपये था। टाटा समूह की कंपनियों में टीसीएस, टाटा स्टील, टाइटन, टाटा पावर, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स और ट्रेंट शामिल हैं। रिलायंस समूह की डिजिटल सेवाओं से जुड़ी कंपनी जियो प्लेटफॉर्म्स का शेयर बुधवार को 1,119 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले 21.36 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,358 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर यह शेयर 26.66 प्रतिशत चढ़कर 1,417.35 रुपये पर बंद हुआ जबकि एनएसई पर शेयर 26.67 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,417.50 रुपये पर बंद हुआ। जियो प्लेटफॉर्म्स बाजार पूंजीकरण के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज के बाद देश की दूसरी सबसे मूल्यवान सूचीबद्ध कंपनी भी बन गई। जियो प्लेटफॉर्म्स के 30,213 करोड़ रुपये के आईपीओ को 22.19 गुना अभिदान मिला था। सार्वजनिक निर्गम और एंकर निवेशकों के आवंटन को मिलाकर कुल मांग 7.4 लाख करोड़ रुपये से अधिक रही थी। निर्गम के लिए करीब 1.39 करोड़ आवेदन मिले थे। यह भारत का अब तक का सबसे बड़ा आईपीओ साबित हुआ।

राजस्थान में लगेगी देश की पहली सोडियम-आयन बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली

जयपुर, राजस्थान देश की पहली ऐसी सोडियम-आयन बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली स्थापित करेगा, जो बिजली वितरण ट्रांसफॉर्मर के स्तर पर काम करेगी। जयपुर डिस्कॉम और ग्लोबल एनर्जी अलायंस फॉर पीपल एंड प्लैनेट (जीईएपीपी) मिलकर जयपुर में इस प्रायोगिक परियोजना की शुरुआत करेंगे। दोनों संस्थाओं ने बुधवार को जयपुर के मानसरोवर क्षेत्र स्थित केएल सैनी स्टेडियम में 250 किलोवाट (किलोवाट)/250 किलोवाट-घंटे (किलोवाट-ऑवर) क्षमता की बैटरी भंडारण प्रणाली स्थापित करने के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए।

स्वामी ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक ओमप्रकाश शुक्ला द्वारा आज यंत्रालय १, जापलिंग रोड, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक
शार्दूल विक्रम गुप्त
स्थानीय सम्पादक
हरिन्दर सिंह साहनी
वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग, **गोरखपुर** : बैंक रोड, **इलाहाबाद** : 3, लीडर रोड, **कानपुर** : बासमंडी, **झांसी** : गांधी भवन के सामने, **आगरा** : महात्मा गांधी मार्ग, **बरेली** : परसा खेड़ा रोड नं. 3, **पटना** : फ्रेजर रोड, **रांची** : नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर**: कालीमाटी रोड
वर्ष-38 संख्या-13250
आर.एन.आई. नं. 47967/89
फोन-0522-2209312, 2209313
aaajlucknow@yahoo.com
aajlucknow@gmail.com
पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिये स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।

आकासा एयर पायलटों के वेतन में 20 प्रतिशत तक की वृद्धि करेगी

नयी दिल्ली आकासा एयर अपने पायलट के वेतन में 20 प्रतिशत तक की वृद्धि करेगी। इसके अलावा, उनके लिए हर महीने न्यूनतम गारंटीकृत उड़ान घंटों की संख्या बढ़ाकर 50 करने के साथ ही सालाना छुट्टियां भी बढ़ाई जाएंगी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। चार साल पुरानी एयरलाइन अपने बेड़े में विमानों और उड़ान मार्गों की संख्या बढ़ा रही है। वेतन संरचना और छुट्टियों से जुड़े ये बदलाव एक जनवरी, 2027 से प्रभावी होंगे। फिलहाल, विमानन कंपनी के बेड़े में बोइंग 737 मैक्स के 45 विमान हैं और उसके पास 800 से अधिक पायलट हैं। बुधवार को बताया कि पायलटों के निश्चित वेतन और प्रति घंटे के भुगतान में वृद्धि की जाएगी। वेतन में यह वृद्धि 20 प्रतिशत तक होगी। इसके अलावा, सामान्य कार्य प्रणाली के तहत पायलटों के लिए हर महीने न्यूनतम गारंटीकृत उड़ान घंटों की संख्या बढ़ाकर 50 कर दी जाएगी। उन्हें कामकाज की विभिन्न प्रणालियों में से अधिक विकल्प भी दिए जाएंगे।

सोना 700 रुपये चढ़कर 1.46 लाख रुपये पर, चांदी स्थिर

नयी दिल्ली, रुपये में गिरावट के चलते राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमतें 700 रुपये बढ़कर 1.46 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गईं। हालांकि, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत फैसले से पहले वैश्विक बाजार में कीमती धातुओं की कीमतों पर दबाव बना रहा। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 700 रुपये बढ़कर सभी करों सहित 1,46,500 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। मंगलवार को यह 1,45,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 1.98 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 21 पैसे गिरकर 95.28 प्रति डॉलर पर आ गया। डॉलर में मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से रुपये पर दबाव पड़ा। कारोबारियों ने कहा कि रुपये में गिरावट से सोने का आयात महंगा हो गया, जिससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में कमजोरी के बावजूद घरेलू कीमतों को समर्थन मिला। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के जिंस मामलों के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, ''बुधवार को सोने और चांदी का कारोबार सीमित दायरे में रहा ।

एनआईआईटी ने दीक्षान्त समारोह मनाया

नई दिल्ली, एनआईआईटी यूनिवर्सिटी (एनयू) ने अपने नीमराना कैंपस में8 16वां दीक्षान्त समारोह मनाया, जो एकेडमिक एक्सीलेंस और इंडस्ट्री रेडीनेस में एक और मील का पत्थर साबित हुआ। इस साल के कॉन्वोकेशन में बीटेक, बीबीए और आईएमबीए में कुल 275 स्टूडेंट्स ग्रेजुएट हुए। एनआईआईटी यूनिवर्सिटी ने अपनी शुरुआत से ही हर साल 100 प्रतिशत प्लेसमेंट पाने का लगातार ट्रैक रिकॉर्ड बनाए रखा है, और 2026 की ग्रेजुएट क्लास इस विरासत को आगे बढ़ा रही है। 73 प्रतिशत से ज्यादा बीटैक स्टूडेंट्स को प्री-प्लेसमेंट ऑफर मिले, जो एनयू के टैलेंट और शिक्षा के लिए इंडस्ट्री से जुडे, टेक्नोलॉजी पर आधारित दृष्टिकोण पर इंडस्ट्री के भरोसे को दिखाता है। यह लगातार सफलता स्टूडेंट्स को सफल करियर के लिए तैयार करने के यूनिवर्सिटी के कमिटमेंट को दिखाती है। 12 महीने के इंडस्ट्री प्रैक्टिस प्रोग्राम का भी एक सफल साल रहा।

KRIBHCO Cooperative and beyond... **कृषक भारती कोआपरेटिव लिमिटेड, गोरखपुर**

सीलबंद निविदा आमंत्रण सूचना

वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए कृभको क्षेत्रीय कार्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित जनपदों में प्रोन्नत कार्यक्रम एवं जनसंपर्क के अंतर्गत पेंटिंग का कार्य कराये जाने हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। समस्त पेंटिंग कार्य में उच्च गुणवत्ता वाले एशियन/नेरोलेक पेंट का प्रोयोग किया जायेगा। उपरोक्त दोनों कार्यों (प्रोन्नत कार्यक्रम एवं जनसंपर्क) के लिए अलग अलग सीलबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक पार्टियाँ अपनी निविदा हेतु निविदा फॉर्म निविदा प्रकाशन की तिथि से किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 18.11.2026 तक समय 17:00 बजे तक कृभको के क्षेत्रीय कार्यालय के पते-F-2, चारू चन्द्रपुरी, गोरखपुर-273001 से प्राप्त कर सकती है। पार्टी प्रोन्नत एवं जनसंपर्क हेतु अलग-अलग निविदा अलग-अलग सीलबंद लिफाफो में अपने अनुरोध पत्र, GST/PAN की प्रति एवं अन्य वांछित प्रपत्रों के साथ दिनांक 19.11.2026 समय पूर्वाहन 11:00 बजे तक क्षेत्रीय कार्यालय गोरखपुर के उपरोक्त पते पर जमा कर सकती हैं। प्राप्त सीलबंद निविदाओं को दिनांक 19.11.2026 अपराह्न 02:00 बजे कृभको द्वारा गठित कमेटी द्वारा खोला जायेगा। L-1 पार्टी कि दर को सक्षम प्रबंधन से स्वीकृति उपरांत ही कार्य आदेश जारी किया जायेगा। उपरोक्त कार्य के लिए किसी भी प्रकार की अग्रिम धनराशी देय नहीं होगी। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर-7991204110 पर संपर्क करें। किसी भी निविदा को अस्वीकृत या पूरी निविदा प्रक्रिया को निरस्त करने का अधिकार कृभको के पास सुरक्षित रहेगा।

क्षेत्रीय प्रबंधक
कृभको-गोरखपुर

एसबीआई लाइफ ने कभी न हार मानने वाले जज़्बे को किया सलाम

मुंबई, भारत भारत की सबसे भरोसेमंद निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने अपनी नई फिल्म पेश की है। यह फिल्म 'अनोखे हीरे' यानी भारतीय पैरा खिलाड़ियों को समर्पित है, जिनका अदम्य साहस और दृढ़ संकल्प उन्हें चुनौतियों से पार पाने, अपने सपनों को पूरा करने और अपनों से किए वादों को निभाने की ताकत देता है। फिल्म यह संदेश देती है कि असली चमक सिर्फ बाहरी रूप में नहीं, बल्कि इंसान की नेक नीयत, मजबूत इरादों और उन्हें हकीकत में बदलने के जज्बे में होती है। एक छोटे बच्चे अक्ष की सहज जिज्ञासा के जरिए दिखाई गई यह फिल्म असाधारण हीरों की तलाश से शुरू होती है। रोजमर्रा की चीजों में चमक तलाशते हुए अक्ष की खोज धीरे-धीरे उसे एक पैरा खिलाड़ी प्रशिक्षण केंद्र तक ले जाती है। वहाँ वह खिलाड़ियों के दृढ़ संकल्प, अनुशासन और लगातार मेहनत करने के जज़्बे को करीब से देखता है। उसे एहसास होता है कि यही असली 'अनोखे हीरे' हैं, जो अपने मजबूत इरादों के दम पर सपनों को पूरा करने और अपनों से किए वादों को निभाने की कोशिश करते हैं। फिल्म इस विचार को जीवंत करती है- यही तो हैं अनोखे हीरे, जो अपने इरादों की चमक से वादों को निभाते हैं। यह संदेश देता है कि मजबूत इच्छाशक्ति सपनों को हकीकत में बदल सकती है। नई फिल्म के लॉन्च पर एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के ईवीपी एवं ब्रांड, कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन और सीएसआर प्रमुख रवींद्र शर्मा ने कहा, हर आकांक्षा के साथ एक वादा जुड़ा होता है- खुद से किया गया वादा और अक्सर उन लोगों से भी, जो हमारी जिंदगी में सबसे ज्यादा मायने रखते हैं।

वेदांता की प. बंगाल में 80,000 करोड़ रुपये तक निवेश की योजना

कोलकाता, वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने बुधवार को कहा कि समूह बिजली उत्पादन और एल्युमीनियम स्मेल्टर के लिए पश्चिम बंगाल में संयंत्र लगाने के मकसद से 70,000 से 80,000 करोड़ रुपये के निवेश की संभावनाएं तलाश रहा है। अग्रवाल ने कोलकाता में संवाददाताओं से कहा कि समूह प्रस्तावित परियोजनाओं की व्यवहार्यता का आकलन करेगा।

सूचना

सूचित हो कि मेरी पुत्री के विद्यालय के अंक तालिका में त्रुटिवश शुहानी थापा-(SHUHANI THAPA) अंकित हो गया है। जो कि गलत है। जब कि उनका सही नाम सुहानी थापा (SUHANI THAPA) है। उन्हें भविष्य में इसी नाम से जाना पहचाना व विद्यालय के आफिस अभिलेखा में दर्ज किया जाय। अनिल कुमार थापा नि0 निकट सिद्धार्थ मैरिज हॉल सेक्टर-बी, आदर्श नगर नीलमथा कैण्ट लखनऊ (उ0प्र0)

सूचना

मैने अपनी पुत्री संजना समीर को उसके गलत आचरण, व्यवहार व कृत्यों की वजह से अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के लेन-देन व कृत्यों की वह स्वंम जिम्मेदार होगी भविष्य में हमारा व परिवार वालों का उससे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। मोनिका समीर पत्नी समीर सिन्हा पुत्री स्व0 अमृतलाल तनेजा निवासी ई-1758, राजाजीपुरम, लखनऊ (उ0प्र0)

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, शिम्मे बानो (SHIMME BANO), पत्नी मोहम्मद यासीन, निवासी 99/49, मारवाड़ी गली, हाजी इमाम खान मस्जिद, अमीनाबाद, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, ने अपना नाम बदलकर शिम्मी (SHIMMI) रख लिया है। अब भविष्य में मुझे शिम्मी (SHIMMI) के नाम से जाना, पहचाना एवं पुकारा जाए।

सूचना

मैने अपना नाम MOHAMMAD RAFIK से बदलकर MOHAMMAD RAFIQE ABDUL RAUF SHAIKH रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0- ABDUL RAUF SHAIKH ADD- KHEMAIPUR, PURE GOSAI, RANIGANJ PRATAPGARH- 230304 UTTAR PRADESH

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम RASHID था, जिसे बदलकर मैंने MOHD RASHEED कर लिया है। भविष्य में मुझे MOHD RASHEED नाम से जाना पहचाना जाए। पताः 370/531, बीबीगंज, साआदतगंज, लखनऊ, उ०प्र० नोटः पुराना नाम : RASHID नया नाम : MOHD RASHEED

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम RADHA KRISHAN SRIVASTAVA था जिसे बदलकर मैंने RADHA KRISHNA SRIVASTAVA कर लिया है भविष्य में मुझे RADHA KRISHNA SRIVASTAVA नाम से जाना पहचाना जाए। पुत्र स्व. श्री कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, पता-ग्राम नगर चौगवॉ, पोस्ट महोना, लखनऊ ।

सूचना

मैने अपना नाम SAJRUN से बदलकर SAJRUNISHA रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-SULLE ADD-VILL AND POST- DHAWAL, PO-PURANI BAZAR PACHPERWA, DIST- BALRAMPUR-271215 (U.P.)

सूचना

त्रुटिवश मेरे सार्टिफिकेट ऑफ सर्विस व डिस्चार्ज बुक में मेरी पुत्री का नाम (SAKSHI) अंकित हो गया है। जबकि मेरी पुत्री का सही नाम (SAKSHI RAJ) है जो उसके आधार कार्ड एवं हाईस्कूल की मार्क सीट में भी अंकित है। हवलदार (टी.ए.) संतोष कुमार राज (RETD) आर्मी नम्बर-14443224X पुत्र महोहर लाल निवासी ग्राम अशोगापुर पोस्ट सुदरवल थाना फूलबहेड़ लखीमपुर-खीरी (उ0प्र0)

सूचना

त्रुटिवश सुकन्या समृद्धि योजना खाता संख्या-3083900816 पोस्ट आफिस आलमबाग लखनऊ में मेरी पुत्री का नाम स्नेहा मिश्रा लिख गया है जबकि उसका सही नाम अंकिता मिश्रा (ANKITA MISHRA) है। जो उसके आधार कार्ड पर भी अंकित है। भविष्य में मेरी पुत्री को अंकिता मिश्रा के नाम से जाना पहचाना एवं लिखा-पढ़ा जाए। पदमा मिश्रा पत्नी सुशील कुमार मिश्रा न्यू पारा कालोनी पारा रोड, राजाजीपुरम, लखनऊ (उ0प्र0)

सूचना

मैं MOHAMMAD RAEES AHMAD पुत्र HIDAYAT ALI निवासी ताड़ी खाना के पास मस्जिद, बेगरिया काकोरी, बरावन कलां, जिला लखनऊ का हूं मैने अपना नाम MOHAMMAD RAEES AHMAD से बदलकर RAIS AHMAD रख लिया है अब भविष्य में मुझे RAIS AHMAD के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

सूचना

मैने अपना नाम SUNIL से बदलकर SUNIL YADAV रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0- HARINATH YADAV ADD LAT GHAT AZAMGARH UTTAR PRADESH

सूचना

मैने अपना नाम MOHAMMAD ADIL से बदलकर ADIL FARUK रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। ADIL FARUK ADD-KURSI ROAD BEHTA PO: BATHA SABAULI DIST- LUCKNOW-226021 (U.P.)

सूचना

मेरे पुत्र सय्यद अली मेहदी का त्रुटिवश दो जन्म प्रमाण पत्र जारी हो गये है। उसका सही जन्म पंजीकरण संख्या -B202509918110004576 है जो के सही है जबकि पंजीकरण संख्या B-2020:9-91811-014875 जो त्रुटिवश जारी हुआ था । उसे निरस्त कर दिया जाए। यह कि उक्त के संबंध में यदि कोई अड़चन होती है तो उसके जिम्मेदार मै पिता शाहिद हुसैन और मेरा पुत्र सैय्यद अली मेहदी होंगे। शाहिद हुसैन पुत्र स्वर्गीय श्री यावर हुसैन, निवासी 467/67 शीश महल क्लॉक टावर हुसैनाबाद चौक जिला लखनऊ 226003

सूचना

पहले मेरा नाम SHAIRA BANO था अब मैने बदलकर अपना नाम SAYRA BANO रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। W/O ANWAR AHMAD, MASJID ROAD CHILBILA POST MADHOGANJ RANJITPUR CHILBILA DIST PRATAPGARH 230403


सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स ने पेश किए हर बजट के लिए फेस्टिव कलेक्शंस और स्पेशल ऑफर्स

नई दिल्ली भारत के प्रमुख आभूषण विक्रेताओं में से एक सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स (सेन्को) ने धनतेरस के अवसर पर अपना खास अभियान तुमसे है ये त्योहार शुरू करने की घोषणा की है। 87 वर्षों से अधिक की विरासत वाले सेन्को के देशभर में 202 से अधिक शोरूम हैं। इस अभियान में कंपनी की ब्रांड एंबेसडर कियारा आडवाणी नजर आएंगी। इसके साथ ही कंपनी ने त्योहारों के लिए अपने शगुन ज्वेलरी कलेक्शन भी पेश किए हैं। अभियान और त्योहारों के खास कलेक्शन के बारे में सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स की निदेशक एवं मार्केटिंग और डिजाइन हेड श्रीमती जोइता सेन ने कहा, धनतेरस एक शुभ अवसर है, जो समृद्धि, नई शुरुआत और घर में कोई कीमती चीज लाने की खुशी का प्रतीक है। सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स में हमारा प्रयास है कि खूबसूरत डिजाइन, पारंपरिक कारीगरी और आकर्षक ऑफर्स के जरिए त्योहारों की हर खरीदारी को खास और यादगार बनाया जाए। धनतेरस पर दिए जा रहे हमारे विशेष ऑफर्स ग्राहकों की खरीदारी को और भी फायदेमंद बनाते हैं। इससे उन्हें ऐसे खूबसूरत आभूषण खरीदने के और भी मौके मिलते हैं, जिन्हें वे आने वाले कई वर्षों तक संजोकर रख सकें। इस अवसर पर सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स के एमडी और सीईओ श्री सुवंकर सेन ने कहा, दीपावली और धनतेरस भारतीय परिवारों के लिए विशेष महत्व रखते हैं। इन शुभ अवसरों पर सोना खरीदना समृद्धि, सौभाग्य और लंबे समय तक बने रहने वाले मूल्य का प्रतीक माना जाता है। सोने की कीमतों में हाल में आई गिरावट के बाद कई ग्राहक, खासकर धनतेरस और आने वाले शादी-विवाह के सीजन की तैयारी कर रहे लोग, आभूषणों की खरीदारी पहले ही करने में रुचि दिखा रहे हैं। हमें सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स के फ्लेक्सी एडवांस प्लान में भी ग्राहकों की अच्छी रुचि देखने को मिल रही है। इस योजना के तहत ग्राहक सोने की मौजूदा कीमत पर उसे बुक कर सकते हैं। इसके बाद यदि धनतेरस या शादी-विवाह के सीजन के दौरान सोने की कीमतें बढ़ती हैं, तो भी ग्राहक बुकिंग के समय तय कीमत का लाभ ले सकते हैं। हालांकि, यह लाभ योजना के लागू नियमों और शर्तों के अधीन होगा।

एआई+ स्मार्टफोन के चुनिंदा मॉडल्स 15 नवंबर से होंगे महँगे

नई दिल्ली, एआई+ स्मार्टफोन ने 15 नवंबर, 2026 से अपने पोर्टफोलियो के चुनिंदा मॉडल्स की कीमतें बढ़ाने का ऐलान किया है। खासकर कम कीमत वाले स्मार्टफोन सेगमेंट में लागत का दबाव लगातार बना हुआ है। एआई+ स्मार्टफोन अब तक इस दबाव के असर का आकलन करते हुए ग्राहकों के लिए फोन की कीमतें किफायती बनाए रखने की कोशिश करता रहा है। हालाँकि, बढ़ती लागत के चलते कंपनी ने कीमतों में एक बार फिर सीमित बढ़ोतरी करने का फैसला किया है, ताकि फोन की कीमतों को किफायती बनाए रखने के साथ ग्राहकों को बेहतर अनुभव भी दिया जा सके। कीमतों में 3,000 रुपए तक की बढ़ोतरी होने वाली है। ऐसे में, ग्राहक 14 नवंबर तक अपने पसंदीदा एआई+ स्मार्टफोन मौजूदा कीमतों पर खरीद सकते हैं। नई कीमतों के तहत एआई+ पल्स 2 एफई, पल्स 2, नोवा 2 5जी, नोवा 2 नियो 5जी, नोवा 2 पावर 5जी, नोवा 2 प्रो 5जी और नोवा 2 अल्ट्रा 5जी के चुनिंदा वैरिएंट्स 1,000 से 3,000 रुपए तक महँगे होंगे। वहीं, एआई+ नोवाफ्लिप 5जी की कीमत में कोई बदलाव नहीं होगा और यह 49,999 रुपए में उपलब्ध रहेगा। इंडस्ट्री में लागत से जुड़ी चुनौतियों के बावजूद, एआई+ स्मार्टफोन भारतीय ग्राहकों को किफायती कीमतों पर बेहतर अनुभव देने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी आगे भी कंपोनेंट की लागत और बाजार के बदलते हालात पर नजर रखेगी।

लखनऊ में हुंडई बेयॉन का अनावरण



लखनऊ, । हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड ने लूलू मॉल में अपनी नई इंटेलिजेंट यूटिलिटी व्हीकल हुंडई बेयॉन लॉन्च की। इसकी शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 9,99,900 रुपये रखी गई है। कंपनी के रीजनल सेल्स हेड गौरव चौहान ने वाहन का अनावरण किया। इस मौके पर एसएएस हुंडई के प्रबंध निदेशक गुनजीत कालरा और बीआर हुंडई के प्रबंध निदेशक रजनीश अग्रवाल मौजूद रहे। कंपनी के अनुसार, इंटेलिजेंस दैट मूव्स की सोच पर बनी बेयॉन में जनरेटिव एआई वॉयस असिस्टेंट और लेवल-2 प्रो एडीएएस जैसी आधुनिक सुविधाएं हैं। यह गाड़ी भारत में बनाई गई है और 50 से अधिक देशों में निर्यात की जाएगी।

भारतीय कला और कारीगरी की दिखी झलक


लखनऊ, । हस्तशिल्प आधारित लाइफस्टाइल ब्रांड जैपोर ने जहांगीराबाद पैलेस में भारतीय कला और कारीगरी की विरासत का उत्सव मनाया। उत्सव-ए सेलिब्रेशन ऑफ फेस्टिव इंडिया थीम पर आयोजित कार्यक्रम में फेस्टिव कलेक्शन, हस्तशिल्प कार्यशालाओं और सांस्कृतिक गतिविधियों के जरिए उत्सव का माहौल रहा। कारीगरी की कहानी विषय पर पैनल चर्चा में सुप्रीत कौर, तारिक खान और सारा जरीन रजा सहित अन्य वक्ताओं ने पारंपरिक कारीगरी के आधुनिक महत्व पर विचार साझा किए।

In The Court Of IX Civil Judge Class-I, District Court, Gwalior
Presiding Officer: श्रीमती नुरून निशा अंसारी
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCSA/0000761/2025)

तरूण जैन.....वादी Vs वर्तमान अधिकृत व्यक्ति/प्रबंधक.... प्रतिवादी Process Id-/2026 पेशी दिनांक 09/12/2026 प्रेषिती-(1) वर्तमान अधिकृत व्यक्ति/प्रबंधक पता-सहारा इंडिया 1 कंपुस्थल कॉम्पलेक्स अलीगंज लखनऊ उ0प्र0 (2) मुन्नालाल पांचाल पिता अम्बाराम पांचाल पता-रामकलानगर पोस्ट मुरार जिला ग्वालियर वास्ते सहारा इंडिया 1 कंपुस्थल अलीगंज लखनऊ उ0प्र0 यह कि प्रार्थी तरूण जैन ने आपके विरूद्ध के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 23 October 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा न्यायाधीश

पूर्वोत्तर रेलवे अधिसूचना सं. - 185/2026
रेल यात्रियों हेतु आवश्यक सूचना



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए निम्नलिखित **पूजा स्पेशल गाड़ियों** का संचलन किया जा रहा है, जिसकी विस्तृत विवरण निम्नवत् है :-

गाड़ी सं. 05091/05092 गोरखपुर-बान्द्रा (ट)-गोरखपुर (साप्ताहिक)
गोरखपुर से - सोमवार को - 09.11.26 एवं 16.11.26 - **02 ट्रिप**
बान्द्रा (ट) से - बुधवार को - 11.11.26 एवं 18.11.26 - **02 ट्रिप**

05091 गोरखपुर - बान्द्रा (ट)			05092 बान्द्रा (ट)-गोरखपुर	
आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	आगमन	प्रस्थान
---	**21.55**	**गोरखपुर**	**23.55**	---
23.20	23.22	बस्ती	22.16	22.18
01.10	01.15	गोंडा	20.40	20.45
04.00	04.02	बादशाह नगर	18.00	18.02
04.50	05.00	ऐशबाग	17.30	17.40
07.20	07.25	कानपुर सेंट्रल	15.10	15.15
11.30	11.35	टूण्डला	10.55	11.00
12.45	12.50	ईदगाह	09.10	09.15
16.05	16.10	गंगापुर सिटी	06.06	06.11
18.15	18.20	कोटा	03.30	03.40
19.26	19.28	बाम्हणी	01.58	02.00
22.25	22.30	रतलाम	23.30	23.35
04.10	04.15	वडोदरा	18.40	18.45
06.40	06.45	सूरत	17.00	17.05
08.00	08.02	वापी	15.51	15.53
11.08	11.10	बोरीवली	14.20	14.22
12.00	---	बान्द्रा (ट)	---	13.45

रेक संरचनाः- एलएसएलआरडीपीपी - 02, साधारण द्वितीय श्रेणी - 11, शयनयान-08, पैंट्री यान-01 = **22 कोच।**
मुजाधि/टी- 69बी मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक/गोरखपुर
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

कार्यालय-सक्षम प्राधिकारी/कलेक्टर गोण्डा

संख्याः /आठ-वि0भू0अ0अ0/गोण्डा/2026, दिनांकः

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद गोण्डा की तहसील तरबगंज परगना नवाबगंज के ग्राम इस्माइलपुर एहतमाली में क्षेत्रफल 0.2103 हे0 में 60.00 मी0 चौड़े सालिड पिंक स्टोन से निर्मित प्रवेश द्वार (श्री हनुमान द्वार) के निर्माण हेतु भूमि का अर्जन किया जाना प्रस्तावित है।

प्रस्तावित भूमि के अर्जन से पूर्व ''भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम-2013'' एवं भूमि अर्जन पुर्नवासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता का अधिकार (उत्तर प्रदेश) नियमावली 2016'' के अनुसार AGRIMAA TRUST, D-152, III FLOOR STREET NO.15, WEST VINOD NAGAR, NEW DELHI, 110092 द्वारा तैयार सामाजिक समाघात आकलन रिपोर्ट (Social Impact Assessment) व सामाजिक समाघात आकलन रिपोर्ट का मूल्यांकन बहुशाखीय समूह द्वारा किया गया है।

अतः जनपद गोण्डा की तहसील तरबगंज परगना नवाबगंज के ग्राम इस्माइलपुर एहतमाली में क्षेत्रफल 0.2103 हे0 में 60.00 मी0 चौड़े सालिड पिंक स्टोन से निर्मित प्रवेश द्वार (श्री हनुमान द्वार) के निर्माण हेतु प्रस्तावित ग्राम इस्माइलपुर एहतमाली की भूमि में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वह AGRIMAA TRUST, D-152, III FLOOR STREET NO.15, WEST VINOD NAGAR, NEW DELHI, 110092 द्वारा सामाजिक समाघात आकलन रिपोर्ट (Social Impact Assessment) व सामाजिक समाघात प्रबन्धन योजना के सम्बन्ध में बहुशाखीय समूह की मूल्यांकन आख्या, कार्यालय विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी गोण्डा/अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-1, लोक निर्माण विभाग गोण्डा, व उप जिलाधिकारी तरबगंज के कार्यालय के साथ-साथ जिले के वेबसाइट पर अवलोकित कर सकते हैं।

(प्रियंका निरंजन)
सक्षम प्राधिकारी/कलेक्टर, गोण्डा

उ0प्र0 259708 दि. 28.10.2026
www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-गोण्डा

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना नोटिस

पत्रांक 2068/ग्रा0अ0वि0/ई-निविदा/निर्माण/2026-27 दिनांक 17.10.2026

महामहिम श्री राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड-गोण्डा के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए.बी.सी, एवं डी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेन्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के लिए निविदा दे सकता है।

1- स्वीकृति एवं धन प्राप्त होने की प्रत्याशा में निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदा खुलने के उपरान्त धनराशि प्राप्त न होने की दशा में एक या समस्त निविदायें निरस्त की जा सकती है। इसका पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

2- कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नलिखित है।

क्र0 सं0	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत लाख रू0 में (जीएसटी छोड़कर)	बिड सिक्योरिटी लाख में	निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी सहित	कार्य पूर्ण करने की अवधि(वर्षा ऋतु सहित)
1	2	3	4	5	6	7
	वित्तीय वर्ष 2026-27 में पूर्वान्चल विकास निधि (जिलांश) योजनान्तर्गत विधान सभा क्षेत्र-करनैलगंज।					
01	गोण्डा	पसका के दयाल चौराहा पक्की सड़क से ज्वाला लोध के घर तक सम्पर्क मार्ग पर लेपन कार्य।	33.48	0.67	300+500+GST	चार माह
02	गोण्डा	गजसिंहपुर में रघुवीरपुरवा सुरेश सिंह के घर से दर्जीपुरवा तक सम्पर्क मार्ग पर लेपन कार्य।	29.12	0.58	300+500+GST	चार माह
03	गोण्डा	भटपुरवा में खदरनपुरवा मार्ग से विनीत के घर तक सम्पर्क मार्ग पर लेपन कार्य।	31.85	0.64	300+500+GST	चार माह
04	गोण्डा	डेहरास में गदापुरवा पक्की सड़क से गांव तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य।	19.97	0.40	300+500+GST	चार माह
05	गोण्डा	बेलवानोहर में पक्की सड़क से राजन बाबू के घर तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य।	9.15	0.18	300+500+GST	चार माह
06	गोण्डा	बहुवनमदार माझा में पक्की सड़क से गोली भैया के घर तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य।	12.15	0.24	300+500+GST	चार माह
07	गोण्डा	पाण्डेचौरा में पहलीपुरवा से कलिकनपुरवा तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य।	21.77	0.44	300+500+GST	चार माह
08	गोण्डा	शाहपुर भौरीगंज मार्ग से तिवारीपुरवा तक सी0सी रोड का निर्माण कार्य।	19.46	0.39	300+500+GST	चार माह
09	गोण्डा	बहुवनमदार माझा में पक्की सड़क से राम कुमार तिवारी के घर तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य।	12.17	0.24	300+500+GST	चार माह
10	गोण्डा	अभईपुर धमरैया मार्ग से बब्लू कटियारी के घर तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य।	16.34	0.33	300+500+GST	चार माह
11	गोण्डा	सकरौर में पक्की सड़क से सम्भलपुरवा मार्ग तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य।	12.99	0.26	300+500+GST	चार माह
12	गोण्डा	बरतरा में रूदौली मार्ग से सुरेश के घर तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य।	13.74	0.27	300+500+GST	चार माह

3. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेंट की उपलब्धता 08.11.2026 से 16.11.2026 तक।
4. ई-निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि/समय-16.11.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक ।
5. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय-16.11.2026 को अपरान्ह् 12.30 बजे।
6. निविदा आमत्रणकर्ता को आई0टी0बी0 के क्लास के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा सभी निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
7. अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर लागिंन करें तथा डाक्यूमेंट को लोड करें।

(इं0 जे0बी0 सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-गोण्डा

उ0प्र0 259631 दि. 27.10.2026
www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।